भारत सरकार

रेल मंत्रालय

लोक सभा

05.08.2026 के

अतारांकित प्रश्न सं. 2843 का उत्तर

बिहार के भागलपुर लोक सभा निर्वाचन क्षेत्र में एबीएसएस

2843. श्री अजय कुमार मंडल:

क्या रेल मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) बिहार के भागलपुर लोक सभा निर्वाचन क्षेत्र में अमृत भारत स्टेशन योजना (एबीएसएस) के अंतर्गत चयनित रेल स्टेशनों के नाम क्या हैं और उनकी प्रगति की वर्तमान स्थिति क्या है;

(ख) भागलपुर, कहलगांव, पीरपैंती, नौगछिया और अन्य प्रमुख स्टेशनों पर यात्रियों की सुविधाओं, दिव्यांग-अनुकूल सुविधाओं, स्वचालित सीढ़ी, लिफ्ट, प्रतीक्षा कक्ष और पार्किंग के विकास के लिए किए जा रहे कार्य क्या हैं;

(ग) सरकार द्वारा भागलपुर रेलवे स्टेशन को मल्टी मॉडल परिवहन व्यवस्था, स्मार्ट स्टेशन सुविधाओं और बेहतर रेल कनेक्टिविटी से जोड़ने के लिए उठाए गए या उठाए जा रहे कदम क्या हैं; और

(घ) भागलपुर क्षेत्र में पर्यटन, व्यापार, रोज़गार और यात्रियों की सुविधा पर इन कार्यों का क्या प्रभाव पड़ने की संभावना है?

उत्तर

रेल, सूचना और प्रसारण एवं इलेक्ट्रॉनिकी और सूचना प्रौद्योगिकी मंत्री

(श्री अश्विनी वैष्णव)

(क) से (घ): रेल मंत्रालय ने अमृत भारत स्टेशन योजना के तहत पुनर्विकास के लिए भागलपुर लोकसभा निर्वाचन क्षेत्र के भागलपुर, कहलगांव, नौगछिया, पीरपैंती, सबौर और शिवनारायणपुर रेलवे स्टेशनों को चिह्नित किया गया है। इन स्टेशनों पर हुई प्रगति निम्नानुसार है:

कहलगांव स्टेशन: विकास संबंधी कार्य जिनमें स्टेशन भवन, प्रवेश द्वार प्रांगण का सुधार, परिचलन क्षेत्र, पार्किंग, नए शौचालय का सुधार, प्रतीक्षालय, एक्जीक्यूटिव लाउंज का सुधार, संकेतकों का संस्थापन, गाड़ी और सवारी डिब्बों में संकेतक बोर्ड लगाना तथा दिव्यांगजनों के लिए सुविधाएं शामिल हैं, पूर्ण कर लिए गए हैं।

सबौर स्टेशन: विकास संबंधी कार्य जिनमें स्टेशन भवन, प्रवेश द्वार प्रांगण का सुधार, परिचलन क्षेत्र, पार्किंग, प्रतीक्षालय कक्ष, शौचालय, एक्जीक्यूटिव लाउंज का सुधार, गाड़ी एवं सवारी डिब्बा संकेतक बोर्ड की संस्थापना तथा संकेतक लगाना शामिल हैं, पूर्ण कर लिए गए हैं।

शिवनारायणपुर स्टेशन: विकास संबंधी कार्य जिनमें स्टेशन भवन, प्रवेश द्वार प्रांगण का सुधार, परिचलन क्षेत्र, पार्किंग, भूसुदर्शनीकरण, प्रतीक्षा कक्ष, शौचालय, लिफ्ट का सुधार, संकेतकों, गाड़ी एवं सवारी डिब्बा संकेतक बोर्ड, सीसीटीवी का संस्थापन और दिव्यांगजनों के लिए जनसुविधाएं शामिल हैं, पूर्ण कर लिए गए हैं।

पीरपैंती स्टेशन: विकास संबंधी कार्य जिनमें स्टेशन भवन, प्रवेश द्वार प्रांगण का विस्तार और सुधार, परिचलन क्षेत्र, पार्किंग, प्रतीक्षालय, शौचालय, एक्जीक्यूटिव लाउंज का सुधार, कला संबंधी कार्य, सेरेमोनियल फ्लैग का सुधार, संकेतक, गाड़ी और सवारी डिब्बा बोर्ड, संकेतक लगाना और दिव्यांगजनों के लिए सुविधाएं शामिल हैं, पूर्ण कर लिए गए हैं। इसके अतिरिक्त, 12 मीटर चौड़े ऊपरी पैदल पार पुल का कार्य शुरू कर दिया गया है।

नौगछिया स्टेशन: नया स्टेशन भवन, परिचलन क्षेत्र, पार्किंग, प्लेटफ़ॉर्म शेल्टर का सुधार, प्लेटफ़ॉर्म सतह एवं नया शौचालय ब्लॉक का सुधार संबंधी कार्य शुरू कर दिए गए हैं।

भागलपुर स्टेशन: हाल ही वर्षों में, स्टेशन भवन, परिचलन क्षेत्र, प्लेटफ़ॉर्म शेल्टर, प्लेटफ़ॉर्म सतह, ऊपरी पैदल पार पुल, नए प्रतीक्षालय का सुधार संबंधी कार्य, गाड़ी संकेतक बोर्ड और सीवेज ट्रीटमेंट प्लांट की संस्थापना संबंधी कार्य पूर्ण कर लिए गए हैं। लिफ्ट और ओवरहेड वाटर टैंक के कार्य शुरू कर दिए गए हैं। भीड़ प्रबंधन के लिए स्थायी होल्डिंग क्षेत्र का कार्य स्वीकृत कर दिया गया है।

इसके अलावा, अमृत भारत स्टेशन योजना के तहत भागलपुर रेलवे स्टेशन के पुनर्विकास के लिए मास्टर प्लानिंग का कार्य शुरू कर दिया गया है। 'अमृत भारत स्टेशन योजना' के तहत

रेलवे स्टेशनों के विकास की मास्टर प्लानिंग एक पुनरावृत्त प्रक्रिया है, जिसमें अनुकूलन की आवश्यकता होती है।

भागलपुर लोकसभा निर्वाचन क्षेत्र के कहलगांव, भागलपुर, नौगछिया, पीरपैंती, सबौर और शिवनारायणपुर स्टेशनों पर दिव्यांगजनों के लिए स्टेशन प्रवेश रैंप, शौचालय और पेयजल बूथ जैसी सुविधाएं उपलब्ध हैं।

अमृत भारत स्टेशन योजना में दीर्घकालिक दृष्टिकोण के साथ निरंतर आधार पर स्टेशनों के विकास की परिकल्पना की गई है। इस योजना में भारतीय रेल के रेलवे स्टेशनों में सुधार लाने के लिए मास्टर योजना तैयार करना और उनका चरणबद्ध कार्यान्वयन शामिल हैं। प्रत्येक स्टेशन की आवश्यकता को ध्यान में रखते हुए मास्टर योजना में निम्नलिखित कार्य है:

- स्टेशन और परिचलन क्षेत्रों तक पहुंच में सुधार
- स्टेशन का शहर के दोनों भागों के साथ एकीकरण
- स्टेशन भवन में सुधार
- प्रतीक्षालय, शौचालय, बैठने की व्यवस्था, पेयजल बूथों में सुधार
- यात्री यातायात के अनुरूप अधिक चौड़े पैदल पार पुल/सब-वे की व्यवस्था
- लिफ्ट/स्वचालित सीढियां/रैंप
- प्लेटफॉर्म की सतह में सुधार और प्लेटफॉर्म शेल्टर की व्यवस्था
- 'एक स्टेशन एक उत्पाद' जैसी योजनाओं के माध्यम से स्थानीय उत्पादों के लिए कियोस्क की व्यवस्था
- पार्किंग क्षेत्र का विकास
- दिव्यांगजनों के लिए सुविधाएं
- बेहतर यात्री सूचना प्रणालियां
- एयर कॉनकोर्स, एक्जीक्यूटिव लाउंज, मल्टीमॉडल इंटीग्रेशन, भूसुदर्शनीकरण आदि की व्यवस्था

इस योजना में आवश्यकता, चरणबद्धता और व्यवहार्यता के अनुसार संवहनीय और पर्यावरण अनुकूल समाधानों आदि तथा दीर्घकालिक आधार पर स्टेशन पर सिटी सेंटर के निर्माण की परिकल्पना भी की गई है।

अब तक, अमृत भारत स्टेशन योजना के तहत विकास के लिए 1340 स्टेशनों की पहचान की गई है, जिनमें से भागलपुर, कहलगांव, नौगछिया, पीरपैंती, सबौर और शिवनारायणपुर रेलवे स्टेशनों सहित 98 स्टेशन बिहार में स्थित हैं। बिहार में अमृत भारत स्टेशन योजना के तहत विकास के लिए चिह्नित किए गए स्टेशनों के नाम निम्नलिखित हैं:

राज्य	स्टेशनों की संख्या	स्टेशनों के नाम
बिहार	98	अनुग्रह नारायण रोड, आरा, अररिया कोर्ट, बख्तियारपुर, बांका, बनमनखी, बापूधाम मोतिहारी, बड़हिया, बरौनी, बाढ़, बरसोई जंक्शन, बेगूसराय, बेतिया, भभुआ रोड, भागलपुर, भगवानपुर, बिहारशरीफ, बिहिया, बिक्रमगंज, बक्सर, चकिया, चौसा, छपरा, दलसिंह सराय, दरभंगा, दौराम मधेपुरा, डेहरी-ऑन-सोन, ढोली, दिघवारा, डुमरांव, दुर्गौती, एकमा, फतुहा, गया, घोड़ासहन, गुरारू, हाजीपुर जंक्शन, जमालपुर जं., जमुई, जनकपुर रोड, जयनगर, जहानाबाद, झंझारपुर, कहलगांव, करागोला रोड, कटिहार जं, खगड़िया जंक्शन, किशनगंज, कुदरा, लाभा, लहेरिया सराय, लखीमिनिया, लखीसराय जं., मधुबनी, महेश खुंट, मैरवा, मानसी जंक्शन, मसरख, मोकामा, मोतीपुर मुंगेर, मुजफ्फरपुर जं., नबीनगर रोड, नरकटियागंज जं., नौगछिया, नवादा, पहाड़पुर, पाटलीपुत्र, पटना जं., पीरो, पीरपैंती, रफीगंज, रघुनाथपुर, राजेंद्र नगर, राजगीर, राम दयालु नगर, रक्सौल, सबौर, सगौली, सहरसा, साहिबपुर कमल, सकरी, सलौना, सालमारी, समस्तीपुर, सासाराम, शाहपुर पटोरी, शिवनारायणपुर, सिमरी बख्तियारपुर, सिमुलतला, सीतामढ़ी, सीवान, सोनपुर जं., सुल्तानगंज, सुपौल, तरेगना, ठाकुरगंज, थावे

<u>स्टेशन जहां कार्य पूरे किए गए हैं:</u>

बिहार राज्य में अमृत भारत स्टेशन योजना के तहत रेलवे स्टेशनों पर विकास कार्य तीव्र गति से किए जा रहे हैं। बिहार में कार्य संपन्न स्टेशनों का ब्यौरा निम्नानुसार है:

राज्य	स्टेशनों की संख्या	स्टेशनों के नाम
बिहार	8	बनमनखी, दौरममधेपुरा, कहलगांव, पीरपैंती, सबौर, शिवनारायणपुर, सिमुलतला, थावे

बिहार के अन्य स्टेशनों पर विकास संबंधी कार्य कलाप भी तीव्र गति से शुरू किए गए हैं, कुछ स्टेशनों की प्रगति नीचे दी गई है:

- **गया स्टेशन: आगमन भवन में दूसरा नया प्रवेश द्वार का निर्माण कार्य पूरा कर लिया गया है। प्रस्थान भवन में दूसरा नया प्रवेश द्वार, नए आगमन और प्रस्थान भवन में मुख्य प्रवेश द्वार, नया प्लेटफॉर्म संख्या 8, नए प्लेटफॉर्म शेल्टर, एयर कॉनकोर्स के निर्माण कार्य और परिचलन क्षेत्र का सुधार संबंधी कार्य किए शुरु किए गए हैं।**

- **मुजफ्फरपुर स्टेशन: संयुक्त टी भवन, 3 मीटर चौड़ा स्काईवॉक (उत्तर की ओर), बुकिंग काउंटर और कार्यालय भवनों का निर्माण कार्य पूरा हो चुका है। मुख्य स्टेशन भवन (चरण-1), एलिवेटेड रोड, आगमन टी भवन, प्रस्थान टी भवन, बहु-स्तरीय कार पार्किंग, 6 मीटर चौड़ा स्काईवॉक (दक्षिण की ओर), 18 मीटर चौड़ा ऊपरी पैदल पार पुल और सीवेज ट्रीटमेंट प्लांट के निर्माण कार्य शुरू कर दिए गए हैं।**

- **किशनगंज स्टेशन: प्लेटफॉर्म सं. 1 और 2 पर प्लेटफॉर्म की सतह बनाने, प्लेटफॉर्म सं.1 और 2 पर पीने के पानी के नल लगाने, परिचलन क्षेत्र में सुधार, दूसरे प्रवेश द्वार पर पार्किंग, पहुंच मार्ग और बाउंड्री वॉल संबंधी निर्माण कार्य पूरे हो चुके हैं। प्लेटफॉर्म शेल्टर और 12 मीटर ऊपरी पैदल पार पुल के निर्माण कार्य शुरू कर दिये गये हैं।**

- **बापूधाम मोतिहारी स्टेशन: पूर्वी तरफ के नए स्टेशन भवन, पश्चिमी तरफ के स्टेशन भवन, आगमन भवन, पार्सल कार्यालय, कुली कक्ष, जीआरपी कार्यालय, टेलीकॉम भवन, सबस्टेशन भवन, नए एयर कॉनकोर्स और हल्के ऊपरी सड़क पुल के कार्य शुरू कर दिए गए हैं।**

- **सीतामढ़ी स्टेशन: अस्थायी बुकिंग कार्यालय, पार्सल भवन और कुली विश्राम कक्ष के निर्माण कार्य पूरे हो चुके हैं। स्टेशन भवन का द्वितीय नया प्रवेश द्वार, स्टेशन भवन का मुख्य प्रवेश द्वार, ओवरहेड वाटर टैंक और भूमिगत वाटर टैंक के निर्माण कार्य शुरू कर दिए गए हैं।**

इसके अलावा, भारतीय रेल पर स्टेशनों का विकास/पुनर्विकास/उन्नयन/आधुनिकीकरण एक सतत और निरंतर चलने वाली प्रक्रिया है और इस संबंध में परस्पर प्राथमिकता और धन की उपलब्धता के अध्यधीन, आवश्यकतानुसार निर्माण कार्य किए जाते हैं। स्टेशन का विकास/पुनर्विकास/उन्नयन/आधुनिकीकरण स्टेशन की कोटि/स्थिति/ यातायात संभलाई आदि के आधार पर किया जाता है।

रेलवे स्टेशनों पर स्वचालित सीढ़ियां और लिफ्ट, मौजूदा नीति के तहत तकनीकी-आर्थिक व्यहार्यता और स्टेशनों की प्राथमिकता के आधार पर मुहैया कराए जाते हैं। अब तक, बिहार के भागलपुर लोकसभा निर्वाचन क्षेत्र के विभिन्न रेलवे स्टेशनों पर 04 एस्केलेटर और 10 लिफ्ट उपलब्ध कराई जा चुकी है।

<u>भागलपुर को सेवित करने वाली रेलगाड़ियां:</u>

भारतीय रेल यात्रा करने वाले यात्रियों के लिए संपर्कता में सुधार करने हेतु लगातार प्रयासरत रहती है और तदनुसार, भागलपुर के यात्रियों की सुविधा के लिए, भारतीय रेल ने 01.01.2026 से 63411/63412 साहिबगंज-भागलपुर मेमू की शुरूआत की है।

तदनुसार, वर्तमान में भागलपुर स्टेशन 22309/22310 हावड़ा-जमालपुर वंदे भारत एक्सप्रेस सहित 108 रेलगाड़ी सेवाओं द्वारा सेवित है। भागलपुर स्टेशन को सेवित करने वाली गाड़ियों की सूची निम्नानुसार है:-

क्रसं	गाड़ी का नाम और संख्या
1	12253 एसएमवीटी बेंगलुरु - भागलपुर एक्सप्रेस
2	12254 भागलपुर - एसएमवीटी बेंगलुरु एक्सप्रेस
3	12335 भागलपुर - लोकमान्य तिलक (टी) एक्सप्रेस
4	12336 लोकमान्य तिलक (टी) - भागलपुर एक्सप्रेस

5	12349 गोड्डा- नई दिल्ली एक्सप्रेस
6	12350 नई दिल्ली- गोड्डा एक्सप्रेस
7	12367 भागलपुर - आनंद विहार (टी) एक्सप्रेस
8	12368 आनंद विहार (टी) - भागलपुर एक्सप्रेस
9	13015 हावड़ा - जमालपुर एक्सप्रेस
10	13016 जमालपुर - हावड़ा एक्सप्रेस
11	13023 हावड़ा - गया एक्सप्रेस
12	13024 गया - हावड़ा एक्सप्रेस
13	13031 हावड़ा - जयनगर एक्सप्रेस
14	13032 जयनगर - हावड़ा एक्सप्रेस
15	13071 हावड़ा - जमालपुर एक्सप्रेस
16	13072 जमालपुर - हावड़ा एक्सप्रेस
17	13229 गोड्डा- राजेंद्र नगर (टी) एक्सप्रेस
18	13230 राजेंद्र नगर (टी)- गोड्डा एक्सप्रेस
19	13235 साहिबगंज - दानापुर एक्सप्रेस
20	13236 दानापुर - साहिबगंज एक्सप्रेस
21	13241 बांका - राजेंद्र नगर (टी) एक्सप्रेस
22	13242 राजेंद्र नगर (टी)- बांका एक्सप्रेस
23	13333 दुमका - पटना एक्सप्रेस
24	13334 पटना - दुमका एक्सप्रेस
25	13401 भागलपुर - दानापुर एक्सप्रेस
26	13402 दानापुर - भागलपुर एक्सप्रेस
27	13403 रांची - भागलपुर एक्सप्रेस

28	13404 भागलपुर - रांची एक्सप्रेस
29	13409 मालदा टाउन - किऊल एक्सप्रेस
30	13410 किऊल- मालदा टाउन एक्सप्रेस
31	13415 मालदा टाउन - पटना एक्सप्रेस
32	13416 पटना - मालदा टाउन एक्सप्रेस
33	13419 भागलपुर - मुजफ्फरपुर एक्सप्रेस
34	13420 मुजफ्फरपुर - भागलपुर एक्सप्रेस
35	13423 भागलपुर - अजमेर एक्सप्रेस
36	13424 अजमेर - भागलपुर एक्सप्रेस
37	13429 मालदा टाउन - आनंद विहार (टी) एक्सप्रेस
38	13430 आनंद विहार (टी) - मालदा टाउन एक्सप्रेस
39	13435 मालदा टाउन - गोमती नगर अमृत भारत एक्सप्रेस
40	13436 गोमती नगर - मालदा टाउन अमृत भारत एक्सप्रेस
41	14003 मालदा टाउन - नई दिल्ली एक्सप्रेस
42	14004 नई दिल्ली- मालदा टाउन एक्सप्रेस
43	15089 गोड्डा- गोमती नगर एक्सप्रेस
44	15090 गोमती नगर - गोड्डा एक्सप्रेस
45	15097 भागलपुर - जम्मू तवी एक्सप्रेस
46	15098 जम्मू तवी - भागलपुर एक्सप्रेस
47	15553 भागलपुर - जयनगर एक्सप्रेस
48	15554 जयनगर - भागलपुर एक्सप्रेस
49	15619 गया - कामाख्या एक्सप्रेस
50	15620 कामाख्या - गया एक्सप्रेस

51	15625 देवघर - अगरतला एक्सप्रेस
52	15626 अगरतला - देवघर एक्सप्रेस
53	15647 लोकमान्य तिलक (टी) - गुवाहाटी एक्सप्रेस
54	15648 गुवाहाटी - लोकमान्य तिलक (टी) एक्सप्रेस
55	15657 दिल्ली - कामाख्या एक्सप्रेस
56	15658 कामाख्या - दिल्ली एक्सप्रेस
57	15733 बालुरघाट - बठिण्डा एक्सप्रेस
58	15734 बठिण्डा - बालुरघाट एक्सप्रेस
59	15743 बालुरघाट - बठिण्डा एक्सप्रेस
60	15744 बठिण्डा - बालुरघाट एक्सप्रेस
61	15925 देवघर - डिब्रूगढ़ एक्सप्रेस
62	15926 डिब्रूगढ़- देवघर एक्सप्रेस
63	18185 टाटानगर- गोड्डा एक्सप्रेस
64	18186 गोड्डा- टाटानगर एक्सप्रेस
65	18603 रांची - गोड्डा एक्सप्रेस
66	18604 गोड्डा- रांची एक्सप्रेस
67	20501 अगरतला- आनंद विहार (टी) राजधानी एक्सप्रेस
68	20502 आनंद विहार (टी) - अगरतला राजधानी एक्सप्रेस
69	20507 सायरंग - आनंद विहार (टी) राजधानी एक्सप्रेस
70	20508 आनंद विहार (टी) - सायरंग राजधानी एक्सप्रेस
71	22309 हावड़ा - जमालपुर वंदे भारत एक्सप्रेस
72	22310 जमालपुर - हावड़ा वंदे भारत एक्सप्रेस
73	22311 गोड्डा- लोकमान्य तिलक (टी) एक्सप्रेस

74	22312 लोकमान्य तिलक (टी) - गोड्डा एक्सप्रेस
75	22405 भागलपुर - आनंद विहार (टी) गरीब रथ एक्सप्रेस
76	22406 आनंद विहार (टी) - भागलपुर गरीब रथ एक्सप्रेस
77	22947 सूरत - भागलपुर एक्सप्रेस
78	22948 भागलपुर - सूरत एक्सप्रेस
79	53029 आजिमगंज - भागलपुर पैसेंजर
80	53030 भागलपुर - आजिमगंज पैसेंजर
81	53403 रामपुर हाट - गया पैसेंजर
82	53408 जमालपुर - रामपुर हाट पैसेंजर
83	53415 साहिबगंज - जमालपुर पैसेंजर
84	53416 जमालपुर - साहिबगंज पैसेंजर
85	53441 देवघर - जमालपुर पैसेंजर
86	53442 जमालपुर - देवघर पैसेंजर
87	63411 साहिबगंज - भागलपुर मेमू
88	63412 भागलपुर - साहिबगंज मेमू
89	63431 साहिबगंज - जमालपुर मेमू
90	63432 जमालपुर - साहिबगंज मेमू
91	73401 गोड्डा- भागलपुर डीएमयू
92	73402 भागलपुर - गोड्डा डेमू
93	73419 साहिबगंज - भागलपुर डेमू
94	73420 भागलपुर - साहिबगंज डेमू
95	73429 भागलपुर - जमालपुर डेमू
96	73430 जमालपुर - भागलपुर डेमू

97	73435 भागलपुर - जमालपुर डेमू
98	73436 जमालपुर - भागलपुर डेमू
99	73441 हँसडीहा - भागलपुर डेमू
100	73442 भागलपुर - हँसडीहा डेमू
101	73443 हँसडीहा - भागलपुर डेमू
102	73444 भागलपुर- हँसडीहा डेमू
103	73445 हँसडीहा- भागलपुर डेमू
104	73446 भागलपुर - हँसडीहा डेमू
105	73447 बांका - भागलपुर डेमू
106	73448 भागलपुर - बांका डेमू
107	73449 बांका- भागलपुर डेमू
108	73450 भागलपुर - बांका डेमू

इसके अलावा, गाड़ी सेवाओं की शुरुआत करना जो एक सतत और निरंतर चलने वाली प्रक्रिया है विभिन्न कारकों पर निर्भर करती है, जिनमें शामिल हैं:

- उस खंड की क्षमता
- पथ की उपलब्धता
- अपेक्षित चल स्टॉक की उपलब्धता
- चल स्टॉक के लिए उपयुक्त अवसंरचना की उपलब्धता
- रेलवे पटरियों और अन्य परिसंपत्तियों के अनुरक्षण की आवश्यकता
- उस खंड की अधिभोगिता और यातायात मांग

<u>भागलपुर की सम्पर्कता में सुधार:</u>

भागलापुर रेलवे स्टेशन पर सम्पर्कता में सुधार के लिए निम्नलिखित निर्माण कार्य/सर्वेक्षण शुरू किए गए हैं:

क्र.सं.	परियोजना	स्थिति
1	पीरपैंती-भागलपुर दोहरीकरण	परियोजना चालू कर दी गई है।

	(51 किमी)	
2	भागलपुर-दुमका-रामपुरहाट दोहरीकरण (177 किमी)	₹3,169 करोड़ की लागत पर हाल ही में परियोजना को स्वीकृत किया गया है।
3	भागलपुर बायपास लाइन (13.38 किमी)	₹303 करोड़ की लागत पर परियोजना को हाल ही में स्वीकृत किया गया है।
4	भागलपुर-जमालपुर तीसरी लाइन (53 किमी)	₹1156 करोड़ की लागत पर परियोजना को हाल ही में स्वीकृत किया गया है।
5	भागलपुर-बड़हरवा तीसरी और चौथी लाइन (128 किमी)	विस्तृत परियोजना रिपोर्ट तैयार कर ली गई है।
6	भागलपुर-जमालपुर चौथी लाइन (53 किमी)	विस्तृत परियोजना रिपोर्ट तैयार करने के लिए एफएलएस स्वीकृत कर दिया गया है।

विस्तृत परियोजना रिपोर्ट को अंतिम रूप देने के पश्चात, परियोजना को स्वीकृति देने के लिए राज्य सरकारों सहित विभिन्न हितधारकों के साथ परामर्श और आवश्यक अनुमोदनों जैसे कि नीति आयोग, वित्त मंत्रालय आदि के मूल्यांकन की आवश्यकता होती है। चूंकि परियोजनाओं को स्वीकृति देना एक निरंतर चलने वाली प्रक्रिया है, इसलिए सटीक समय-सीमा विभिन्न हितधारकों द्वारा किए जाने वाले मूल्यांकन और अनुमोदनों पर निर्भर करती है।

बिहार

रेल बजट:

हाल के वर्षों में बजट आबंटन में पर्याप्त वृद्धि हुई है। बिहार राज्य में पूर्णत:/अंशत: पड़ने वाली अवसंरचना संबंधी परियोजनाओं के लिए बजट आबंटन निम्नानुसार है:

अवधि	परिव्यय
2009-14	1,132 करोड़ रुपए/वर्ष
2026-27	10,379 करोड़ रुपए (9 गुना से अधिक)

रेलपथ निर्माण:

बिहार राज्य में पूर्णत:/अंशत: पड़ने वाले नए रेलपथ की कमीशनिंग/बिछाने के कार्यों का ब्यौरा निम्नानुसार हैं:

अवधि	कमीशन किए गए नए रेलपथ	नए रेलपथों की औसत कमीशनिंग
2009-14	318 कि.मी.	63.6 कि.मी./वर्ष
2014-26	2,034 कि.मी.	169.5 कि.मी./वर्ष (2.5 गुना से अधिक)

स्वीकृत परियोजनाएं:

दिनांक 01.04.2026 की स्थिति के अनुसार, बिहार राज्य में पूर्णतः/अंशत: पड़ने वाली 96,651 करोड़ रुपए की लागत से 5,067 किलोमीटर कुल लंबाई की 59 परियोजनाओं (32 नई लाइनें, 01 आमान परिवर्तन और 26 दोहरीकरण) को स्वीकृत किया गया है। इसका सार निम्नानुसार है:

कोटि	स्वीकृत परियोजनाओं की संख्या	कुल लंबाई (कि.मी. में)	मार्च, 2026 तक कमीशन की गई लंबाई (कि.मी. में)	मार्च, 2026 तक व्यय (करोड़ रु. में)
नई लाइन	32	2,616	533	14,806
आमान परिवर्तन	1	69	52	544
दोहरीकरण/बहुपथन	26	2,382	465	14,509
कुल	59	5,067	1,050	29,860

हाल ही में पूरी हुई परियोजनाएं:

बिहार में पूर्णतः/अंशतः पड़ने वाली तथा हाल ही में पूरी हुई कुछ परियोजनाओं का विवरण निम्नानुसार है:

क्र.सं.	परियोजना	लागत (करोड़ रु. में)
1	पटना पुल (28 कि.मी.)	3,310
2	मुंगेर रेल सह सड़क पुल (15 कि.मी.)	3,040
3	कोसी पुल (22 कि.मी.)	863
4	दनियावां-बिहारशरीफ नई लाइन (38 कि.मी.)	354
5	चांदन -बांका नई लाइन (40 कि.मी.)	496
6	रामपुरहाट-मंदारहिल नई लाइन (130 कि.मी.)	908
7	महाराजगंज-मसरख नई लाइन (35 कि.मी.)	412
8	राजगीर-तिलैया और नटेसर-इस्लामपुर नई लाइन (67 कि.मी.)	726
9	जयनगर-नरकटियागंज आमान परिवर्तन (260 कि.मी.)	967
10	कप्तानगंज-छपरा आमान परिवर्तन (234 कि.मी.)	819

11	सकरी-निर्मली, सहरसा-फारबिसगंज गेज परिवर्तन (206 कि.मी.)	2,113
12	मानसी-सहरसा, सहरसा-पूर्णिया, बनमखी - बिहारीगंज आमान परिवर्तन (169 कि.मी.)	752
13	साहिबगंज-पीरपैंती दोहरीकरण (23 कि.मी.)	129
14	महेशकुंट-थानाबिहपुर दोहरीकरण (32 कि.मी.)	115
15	हाजीपुर-रामदयालु नगर दोहरीकरण (48 कि.मी.)	367
16	पीरपैंती-भागलपुर दोहरीकरण (51 कि.मी.)	493
17	किऊल-गया दोहरीकरण (124 कि.मी.)	2,462
18	हाजीपुर-बछवाड़ा दोहरीकरण (72 कि.मी.)	930
19	अररिया-गलगलिया (ठाकुरगंज) नई लाइन (110 कि.मी.)	2,132
20	समस्तीपुर-दरभंगा दोहरीकरण (38 कि.मी.)	874

चालू परियोजनाएं:

बिहार राज्य में पूर्णतः/अंशतः पड़ने वाली कुछ परियोजनाओं के लिए निम्नलिखित कार्यों को शुरू किया गया हैः

क्र.सं.	परियोजना	लागत (करोड़ रु. में)
1	सकरी - हसनपुर नई लाइन (76 कि.मी.)	802
2	फतुहा - इस्लामपुर नई लाइन (167 कि.मी.)	3,158
3	कोडरमा - तिलैया नई लाइन (65 कि.मी.)	2,287
4	हाजीपुर - सगौली नई लाइन (151 कि.मी.)	2,820
5	अररिया - सुपौल नई लाइन (96 कि.मी.)	2,170
6	कुर्सेला - बिहारीगंज नई लाइन (58 कि.मी.)	194
7	पीरपैंती - जसीडीह नई लाइन (97 कि.मी.)	2,700
8	छितौनी - तुमकुही रोड नई लाइन (59 कि.मी.)	1,881
9	जलालगढ़ - किशनगंज नई लाइन (51 कि.मी.)	407
10	सीतामढ़ी - निर्मली नई लाइन (189 कि.मी.)	2,833
11	बिहटा - औरंगाबाद नई लाइन (120 कि.मी.)	3,606

12	गया - चतरा और गया - नटेसर नई लाइन (135 कि.मी.)	4,543
13	सुल्तानगंज - कटुरिया नई लाइन (77 कि.मी.)	291
14	जयनगर - बिजलपुरा आमान परिवर्तन (69 कि.मी.)	900
15	धनबाद - सोननगर तीसरी लाइन (291 कि.मी.)	7,906
16	सगौली - वाल्मीकिनगर दोहरीकरण (110 कि.मी.)	1,456
17	मुजफ्फरपुर - सुगौली दोहरीकरण (101 कि.मी.)	1,745
18	बरौनी - बछवाड़ा तीसरी और चौथी लाइन (32 कि.मी.)	486
19	नरकटियागंज - दरभंगा, सीतामढ़ी - मुजफ्फरपुर दोहरीकरण (256 कि.मी.)	4,080
20	छपरा-बलिया कहीं-कहीं दोहरीकरण (65 कि.मी.)	1,046
21	कटिहार - कुमेदपुर और कटिहार - मुकुरिया दोहरीकरण (65 कि.मी.)	943
22	सोन नगर - अंडाल बहुपथन (749 कि.मी.)	12,334
23	पुनारख - बख्तियारपुर नई चौथी लाइन और शेष तीसरी लाइन (28 कि.मी.)	422
24	अलुआबाड़ी रोड - ठाकुरगंज दोहरीकरण (20 कि.मी.)	327
25	भागलपुर - जमालपुर तीसरी लाइन (53 कि.मी.)	1,156
26	भागलपुर - दुमका - रामपुरहाट दोहरीकरण (177 कि.मी.)	3,169
27	बख्तियारपुर - राजगीर - तिलैया दोहरीकरण (104 कि.मी.)	2,192
28	बख्तियारपुर - फतुहा तीसरी और चौथी लाइन (24 कि.मी.)	931
29	किऊल तीसरी और चौथी लाइन (50 कि.मी.)	2,668
30	किउल - झाझा तीसरी लाइन (54 कि.मी.)	962
31	मानसी - सहरसा दोहरीकरण (44 कि.मी.)	499

रेल परियोजनाओं का क्षेत्रीय रेलवे-वार विवरण भारतीय रेल की वेबसाइट पर सार्वजनिक डोमेन में उपलब्ध कराया जाता है।

किसी भी रेलवे परियोजना की स्वीकृति कई मापदंडों/कारकों पर निर्भर करती है, जिनमें निम्नलिखित शामिल हैं:"

- **अनुमानित यातायात पूर्वानुमान और प्रस्तावित मार्ग की लाभप्रदता**
- **परियोजना द्वारा प्रदान की गई पहली और अंतिम स्थान पहुंच संपर्कता**
- **अनुपलब्ध कड़ियों को जोड़ना और अतिरिक्त मार्ग प्रदान करना**
- **संकुलित/संतृप्त लाइनों का संवर्धन**
- **राज्य सरकारों/केंद्रीय मंत्रालयों/जनप्रतिनिधियों द्वारा उठाई गई मांगें**
- **रेलवे की अपनी परिचालनिक आवश्यकताएँ**
- **सामाजिक-आर्थिक महत्व**
- **निधि की समग्र उपलब्ध**

रेल अवसंरचना के सुधार का अर्थव्यवस्था पर बहुगुणक प्रभाव पड़ता है, जिससे रोज़गार के अवसरों में वृद्धि होती है और आर्थिक विकास में सुधार होता है।

****